sd/-
Ashish Gupta
Managing Director
DIN: 0011509

Date : 01.02.2024
Place : Kolkata

हथीन में शुरू हुआ मतदाता सूची का अपग्रेडेशन कार्य

पलवल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा की ओर से जारी अधिसूचना के तहत नगर पालिका हथीन के चुनाव के लिए विधानसभा मतदाता सूची के आधार पर नगरपालिका मतदाता सूचियां तैयार होनी हैं। इसलिए हथीन नगर पालिका क्षेत्र की मतदाता सूची का अपग्रेडेशन का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को प्रकाशित विधानसभावार मतदाता सूची में सम्मिलित किए गए नगर पालिका हथीन के वार्ड नंबर एक से 14 के नए मतदाताओं को समाहित करते हुए नई मतदाता सूची का वार्डवाइज 29 जनवरी से सात मार्च तक ड्राफ्ट तैयार किया जाना है। इसका फाइनल प्रकाशन 18 मार्च को होगा। प्रकाशन के बाद मतदाता सूची की प्रति उपायुक्त कार्यालय पलवल, नगर पालिका कार्यालय हथीन जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के दावे व आपत्तियां स्वीकार करने के लिए वार्ड वाइज मतदाता सूची का प्रकाशन नौ फरवरी को किया जाएगा।

जेवर एक्सप्रेसवे पर मोहना कट बनाने के लिए गडकरी ने दी हरी झंडी

विधायक नयनपाल रावत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पृथला के विधायक नयनपाल रावत ने जेवर एक्सप्रेसवे पर मोहना में कट दिए जाने की मांग को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्हें पूरी वास्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए मांगपत्र सौंपा। विधायक रावत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बताया कि यूपी से सटे मोहना गांव में कट मिलने से हरियाणा का यह हिस्सा उत्तर प्रदेश से जुड़ जाएगा और इससे दोनों प्रदेशों के किसानों में जहां भाईचारा बढ़ेगा, वहीं व्यापारिक दृष्टि से भी इसके अच्छे परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वह इस मामले में एक मांगपत्र सौंप चुके हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले में सरकार जनहित में फैसले ले। विधायक नयनपाल रावत की बात को गंभीरता से सुनने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक नयनपाल रावत को जेवर एक्सप्रेसवे पर गांव मोहना में कट देने का आश्वासन दिया है। विधायक नयनपाल रावत ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले पर गंभीरता से विचार करने के बाद यह निर्णय लिया जाएगा।

वहीं विधायक नयनपाल रावत ने दिल्ली-मथुरा रोड पर बघौला पुल पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर भी केंद्रीय मंत्री को मांगपत्र सौंपा। उधर इस निर्णय के बाद पिछले तीन माह से मोहना में धरने पर बैठे ग्रामीणों में भी आस बंधी है और उन्हें उम्मीद बंधी है कि विधायक द्वारा पुरजोर तरीके से उठाई गई उनकी मांग के सकारात्मक परिणाम सामने जाएंगे। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत कार्य कर रही है और इस मामले में भी जनहित का फैसला ही लेगी।

बल्लभगढ़ में बैग के गोदाम में लगी आग

फरीदाबाद। बल्लगढ़ स्थित चावला कॉलोनी में मंगलवार रात एक बैग बनाने वाले गोदाम में अचानक शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक काफी सामान जल चुका था।

गोदाम के मलिक नरेंद्र वर्मा और उनके पिता परमेश्वर वर्मा ने बताया कि पड़ोसियों ने रात 11 बजे गोदाम के अंदर से आग की लपटें उठी देखी। जिसे देखने के बाद वे लोग बाहर आए और फटाफट गोदाम का शटर खोला। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड और 112 पर फोन किया गया। मौके पर पुलिस की गाड़ियां और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। पड़ोसियों का कहना है कि आग काफी भयंकर थी। जिसको बुझाने में काफी समय लगा। लोगों ने कहा कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के घर भी जल जाते। वहीं गोदाम के मलिक ने बताया आग से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है।

आम आदमी पार्टी ने फूंका सीएम और बिजली मंत्री का पुतला

बिजली के नाम पर अवैध वसूली और लूट खसोट बंद करें खट्टर सरकार : भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा में मनोहर सरकार ने बिजली को लूट का साधन बना दिया है। प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है। खट्टर सरकार कुछ पूंजीपतियों को बड़ा फायदा पहुंचा रही है। स्मार्ट मीटर और नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर बड़ी लूट चल रही है। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का, जिन्होंने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के साथ बुधवार को फरीदाबाद बिजली मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और सीएम मनोहर लाल और बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का पुतला जलाया।

इस मौके पर धर्मवीर भड़ाना, प्रवेश मेहता, नरेश शर्मा, रोहतास चौधरी, रविंद्र फौजदार, मेहरचंद हरसाना ने संयुक्त रूप से कहा कि बिजली अधिकारी दीवार फांदकर लोगों के घरों में घुस जा रहे हैं और विरोध जताने पर वे लोगों को बिजली चोर साबित कर देते हैं। ?उन पर झूठे केस दर्ज कर दिए जाते हैं। बहन बेटियों को भी परेशान करते हैं। जिन गरीबों के दो कमरों का मकान है, उनका भी बिजली का बिल पांच हजार से ज्यादा आ रहा है।

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि पूरे फरीदाबाद जिले के गांवों में सरकार के खिलाफ रोष है। सरकार नए नए तरीके अपनाकर पूरे हरियाणा की जनता को लूटने के तरीके ढूंढ रही है। नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर पिछले साल एक अप्रैल से मनोहर सरकार पूरे प्रदेश की जनता को लूट रही है। इसके तहत प्रदेश के 63 लाख उपभोक्ताओं से चार महीने का बिल सिक्योरिटी मनी के तहत लिया जा रहा है।

प्रदेश के हर गांव की पंचायत से भी दो प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी टैक्स सरकार ले रही है। जनता पर नए मीटर थोपने, नॉन एनर्जी चार्ज लगाने और पंचायतों से दो प्रतिशत टैक्स वसूलने का आम आदमी पार्टी कड़ा विरोध करती है। आप नेताओं ने कहा कि पार्टी बेवजह टैक्स लगाकर जनता को लूटने की सरकार की योजना को सफल नहीं होने देंगी। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के मुख्य इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा और उनसे मांग की कि जल्द इस लूट खास रोड पर लगाम लगाई जाए, वरना आम आदमी पार्टी बहुत बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।

प्रदर्शन में नरेश शर्मा, मेहर चंद हरसाना, रविंद्र फौजदार, प्रवेश मेहता, नीरज प्रेमी, मनोहर विरवानी, इंदिरा सिंह, हरिदत्त शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, जोगिंदर चंदीला, तेजवंत सिंह एडवोकेट, डीएस चावला, विजय गोदारा, अनिल बैसला, दिनेश एडवोकेट, सचिन चौधरी, राम गौर, सुभाष बघेल, प्रताप, अमित कुमार, राजा भैया, सुदेश राणा, नरेंद्र सरोहा, केएल बंसल, नवीन कौशिक, रोहताश चौधरी, तेजवंत सिंह बिट्टू, फूल महेश, बिट्टू ठाकुर, विनोद कुमार, मनोज बैसला, अनिल पंडित, सोनू मीटर वाला, सतपाल ठेकेदार, पीकू भाटिया, दुलीचंद, शिवराम, कपिल खत्री, चौधरी कंवरपाल, रघुवीर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में छात्र प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



पलवल। रसूलपुर रोड़ पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा छात्र प्रदर्शन कार्यक्रम को लाइव प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू व सीएसएम लीड शीतल सोलंकी के सानिध्य में किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करना था। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व अपनी-अपनी प्रतिभा के अनुसार अपनी भाषा पर महानता हासिल करते हुए आत्मविश्वास को प्रदर्शित किया। नई तकनीकों के चलते इस कार्यक्रम को अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव दिखाया गया। बच्चों के विचार सीधे अभिभावकों के द्वार तक भेजे गए और अभिभावक अपने बच्चों को प्रगति करते हुए साक्षात देख सकते हैं। विद्यालय इस प्रकार की गतिविधि द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास व मानसिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। शीतल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को शुभकामनाएं दीं व विद्यार्थियों की खूब सराहना की। साथ ही उन्होंने ऑनलाइन जुड़े सभी अभिभावकों को अभिनंदन किया। इसी के साथ विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अबाकस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें कक्षा-2 की ट्विंकल, कक्षा-3 विहान जाखड़, कक्षा-4 सिद्धार्थ रावत व कक्षा-5 अरनव ने उच्च स्थान प्राप्त करके अपने स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। बाल भवन में आयोजित की गई डांस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की दिव्याना व आठवीं की परीधी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया व तनिशी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जसवीर हत्याकांड में दो फरार आरोपी गिरफ्तार

पलवल। एसटीएफ पलवल की टीम ने विभिन्न मामलों से फरार चल रहे दो बदमाशों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए बदमाशों पर हत्या व पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने जैसे संगीन मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ ने दोनों बदमाशों को पकड़कर सबंधित थाना पुलिस के हवाले कर दिया है।

एसटीएफ के डीएसपी यशवंत यादव ने बताया कि पहले मामले में एसटीएफ की टीम ने जिला मथुरा (यूपी) के देहगांव निवासी इंद्राज को गिरफ्तार किया है। आरोपित इन्द्राज सदर थाना पलवल के दीघौट गांव में हुए जसवीर हत्याकांड की साजिश में शामिल था। यह हत्या वर्ष 2022 में दीघोट गांव में ही की गई थी। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाडियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

DL9SX0594,	MH04BP1622,	DL7CD5028,
DL9ST6722,	TN21Q7481,	UP32NM6295,
DL8SAH3466,	KL8M4146,	DL3SAB0133,
DL9SX1016,	DL4SA4252,	UP15A1515,
HR13B6068,	DL9SQ3932,	DL9SK3907,
DL9SR9186,	DL9SK9992,	DL5SU0550,
DL9CA1373,	DL9SQ2553,	UP78AP9847,
DL9CM4609,	DL9SR0306,	DNU1857,
SJ41IN167390	DL4SAW0767,	DL3SD7235,
DL1LJ8080,	DL4SF4012,	DL9SB6950,
DL7CJ0636,	DL7SH4707,	HR51M1266,
DL2CAH4903,	DND5984,	DL5SK4336,
DL4CNE1770,	HR26AS9854,	RJ1913M651,
UP32BJ4677,	BEA7173,	UP32CL7426,
DL4SBB7115,	DL5SS6810,	UP85Q8932,
DL9SX0429,	DL8SAB1978,	DL9SE5408,
IN880456,	DL9SQ1954,	PB08Y6238,
DL3CAB6420,	DL4SAK9420,	DL3SBB6817,
DL9S5030,	DL3SW9745,	DL5SW3030,
DL9SH3734,	DL9SL9084,	DL8SAA6573,
DL4SBB5174,	DL5SW8399,	DL6SZ0907,
DL4SAZ2538,	PB35C6689,	DL2CAN5601,
DNX3682,	DL3CAW8967,	HR779620,
RJ14SB7291,	DL1SP4723,	DL9CP5731,
DL3SE0648,	DL4SBG0378,	DL1CP4212,
DL3SAY4524,	KA03ED5098,	DL4CND6553,
DL3ST3025,	DL8SU7772,	DL9CR8470,
CNH785,	GJ10M0660,	DL4CNC2198,
DL9C9270,	DL4SBB7506,	DL13C0262,
DL2CAJ1397,	DL3SAF8522,	HR26BW6407,
DL3SF7455,	DL3SAE0004,	DL1CL1910,
DL4SBE8317,	DL9SR3586,	DL8CV2868,
DL3SG3755,	UP85F3849,	UP79B2044,
UA07K4836,	DL8SE8565,	DL6SZ5833,
DL4SAC9024,	DL5SV0226,	DL9SP7020,
MP04NM2873,	DL3SAW7472,	DL9SV6063,
DL9SB0446,	DL9SR4259,	DL4CAN8070,
DL9SL8189,	DL9SV5922,	DL3CAZ5450,
DL6SX8933,	MA3EYD81-	DL6CJ0226,
DL9SL4886,	S00310964,	DL1LL1434,
GJ1JQ0060,	NOREG93,	DL8SAM3286,
DL3SAE8727,	UP81E0807,	DL8SS4072,
DL8SAF7033,	DL9SR2247,	DL7SAM1692,
DL9ST0185,	DL9SL7950,	DL8SAA2511,
GJ1EJ8753,	DL3SAL0180,	DL4SBB2423,
AP28M9691,	DL4SAE6013,	BR01AG5488,
DL2SL0758,	DL9SU5594,	UP44H2925,
DL9SA9346,	UP15U1887,	DL8SAG6588,
DL9SX2730,	DL9SD7239,	DL7SAY6422,
DL9CU0161,	DL2CAK0642,	DL3SF0158,
1812997511,	DL4CAE5144,	UP072604,
DL8CH7476,	DL4CAB5401,	DL2CP6165,
DL10CF2649,	DL9CQS9238,	DL3CBA0914,
UP21T2067,	DL2CP5857,	DL6CG7266,
DL9CL3697,	DL9SU7685,	DL10C1858,
GJ16BG5392,	DL8SAK1501,	DL1CJ6737,
DL6SV5745,	DL4SV8120,	BR1E2851,
DL7SAH1741,	DL6SQ0788,	DL9SQ1842,
PB30E6901,	DL9SV1699,	DL9SG3789,
DL8SZ8822,	RJ14ST0336,	UP65W1456,
HR26AR5410,	DL9SV1954,	DL9SJ0260,
HR26AA1672,	UP77D7306,	DL9SL2924,
HR25AZ6557,	DL9SX2327,	UP64C1823,
DL4SAA8496,	DL4SBB5920,	DL4SAM7295,
UA07B4110,	DL9CQ6606,	DL9SQ2473,
UP78AZ1702,	DL4CNE1707,	DL8SJ7085,
JK02Q0754,	NOREG94,	JK02L8707,
DL4SBJ4501,	DL7SAZ8319,	DL3SAK3444,
GJ6BF2867,	DL4SBB9853,	DL4SND0765,
DL4SAF2128,	DL9SV7780,	DL4SBK0775,
DL6SAA5209,	WB74K1167,	UP80BA2841,
DL3SAK6589,	DL8CV2702,	TN22AT0417,
DL4SAM0878,	DL8CV2824,	OR07M2645,
MP41BA3591,	DL8CS3581,	WB16Q6907,
DL3SAB5392,	DL9SL3552,	DL4CND4806,
N3306P564575	GA02L4316,	HR36T2448,
DL4SAD7199,	PB65B1456,	DL9CM3816,
DL9SN5039,	UVG349,	DL3SAS7796,
DL4SAR4157,	DL9SU9330,	DL9ST9553,
CH04F9417,	16710196020,	DL9SU8390,
UP12H4392,	HR06C9518,	UP44D2001,
DL9SL4071,	DL2CAJ0250,	DL9SX1945,
DL9SG9306,	DL3CBV5234,	DL5SP4289,
OR06A3366,	DL7CC8136,	DL3CV3973,
DL9SR3255,	DL8CJ7654,	DL3CBF0219,
MH12DD3530,	DL2CAE3016,	DL9CG8177,
DNW1667,	DL8CR1953,	DL3SAY2372,
DL4SAM8970,	DL9SL2323,	DL4SV3836,
DL4SAR0122,	MH31AV6838,	CH01P7937,
DL3SAF7655,	DL9SV0442,	DL4SAS2458,
DL9SE8975,	DL9SX0230,	DL6SAB2313,
03L09C36380,	HR26AE4794,	BIN6713,
DL6SV8592,	NOREG95,	DL9ST6727,
DL4SAC4664,	BR7B3572,	DL5SR7827,
CH03X1844,	DL4SNA0503,	DL9SV0497,
DHU9473,	DL6SX7601,	DL9SL2107,
KA05EW8022,	HR06B2436,	DL7SAE4929,
DL6SAA1810,	DL4SNB1593,	DL2CAF8842,
DL5SD2291,	DL9SL5889,	DL4CAQ5175,
DL9SQ8521,	DL9ST5232,	HR07M1666,
DL9SS2358,	AS1T1126,	DL6SQ7653,
DL2SL3524,	HR10H9552,	AYFT152,
DD04794,	UP85P4385,	DL4SAL3433,
DL9SR0961,	JH02C5504,	DL9SR6278,
DL9SJ9234,	DL9SK1316,	DL4SAZ1427,
DL4SBC6110,	DL9SJ6643,	DL6SL8436,
DL9ST9242,	HR51C8679,	DL9SL9699,
DL8CZ8869,	DL9SU8435,	UP32AB9261,
DL4CNA2284,	DL4SAR8717,	DL6SY7210,
DL10CC1105,	DL9SV9759,	DL9SX1916,
MA3EYD81-	DL1LY9863,	DL8SNB1498,
S00982554,	NOREG96,	DL4SAW0431,
DL7CN8522,	DL9CB4993,	DL1SQ4460,
MA1YL2HJ-	CJ500D4D-	UP17C8759,
UB6J61295,	D04035,	DL1CN9555,
DL4CS1445,	DL8CG8047,	DL10CC2520,
DL1SN2234,	DL4SAS1446,	DL4CNC3010,
PB11AC6553,	DL8SQ0316,	HR30D8449,
DL4SAM9666,	DL6SQ9948,	DL9SR4998,
DND2482,	DL8SAJ9820,	DL3SBJ7394,
DL9SM3064,	UP32BQ2157,	DL9SV1974,
DL8SAJ1047,	GJ1CQ7944,	HR26AP6148,
DL6SC4066,	DL8ST3584,	DL3SBC1910,
DHVBKE63212	DL3SAY3648,	DL1CQ4369,
DL4SP3450,	DL4SAR1938,	DL8CM9233,
DL9SQ8620,	UP70AA5722,	HR17G9841,
[illegible]09A6204,	CG07LF2808,	HR12U1447,
[illegible]JB1431,	DL9SX1052,	DBW5500,
DL9SU3063,	KA03EL1252,	DL6CM5095,
DL9SL8505,	DHV4495,	HR26AH1668,
HR269553,	BR17A5250,	DL9CL4055,
HR16K2620,	DL8SU4291,	MA3EADE1
DL10CB4299,	GA06B4185,	S00167918,
DL8CZ3858,	DL9SU3883,	DL6CM3429,
DL7CK0082,	DL6SX2585,	DL8CV1022,
115628109884	DL7SAC1868,	DL4CG3524,
HR51V1007,	DL7SAE1005,	DL4CA8896,
DL3CAP9207,	DL3SBF5218,	DL8CH4871,
DL3CAJ4845,	RJ14AS3883,	UP14AN0004,
DL3SBE1141,	DL9CS6728,	DL4CQ0048,
MP07S0392,	DL9CU5042,	DL10CF1454,
MP20KF0231,	DL1CL6950,	CG04HD3919,
DL9SU7534,	HR260166,	DL1CU6630,
DL9SL4473,	DBK254,	DL2FEN0006,
DL3SAA8350,	DL9SK3106,	DL4SAJ0500,
DL4SAR4171,	DL3SAT0681,	DL4CR3336,
DL4SAS1794,	DL3SK8090,	DL5CM5555,
DL9CN9597,	DL9SK2163,	DL4CAA8007,
DL4CND6374,	DL9SL3684,	DL4CND1404,
OR02AF8258,	DL9SL8490,	DL2CA0811,
DB04768,	DL9SV6987,	DL7CC6905,
DDK9122,	PB70A8828,	DL1CJ5495,
DL9SE3462,	DL9SX2221,	DL4CAB7877,
DL7SAK4041,	DL9SQ7681,	DL9CJ0573,
KA07E9201,	DL9CQS8228,	DL6SE9463,
DL9SF9045,	DL7CJ3521,	DL4SBF2004

एडीसी ने ग्रामीणों को वितरित किए एलईडी बल्ब



पलवल। अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता द्वारा मंगलवार को कॉमन एरिया लाइटनिंग कैंपेन फॉर रूरल सेक्टर के तहत उर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने, व्यापक जागरूकता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए जिला की पांच ग्राम पंचायतों को एलईडी बल्ब वितरित किए।

यह बल्ब जिला की पांच ग्राम पंचायतों नामत: जैनपुर, बजादा पहाड़ी, कोंडल, फिरोजपुर राजपूत, आयानगर के सरपंचों तथा संबंधित ग्राम सचिवों को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा की मौजूदगी में वितरित किए गए। इन एलईडी बल्ब को प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य स्कूल, कॉलेज, होस्टल, धार्मिक स्थान, पार्क, मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, सामुदायिक भवन, सीएचसी, पीएचसी, पंचायत घर, आंगनबाड़ी सेंटर, गऊशाला, सार्वजानिक पार्क, सड़क जैसे सार्वजानिक स्थलों पर लगे पारंपरिक प्रकाश बल्ब को बदलकर एलईडी बल्ब को लगाना है, ताकि उर्जा संरक्षण किया जा सके। उन्होंने ग्राम पंचायतों को हिदायत दी कि जिन पारंपरिक प्रकाश बल्बों को बदला जाए, उन्हें नवीकरणीय उर्जा विभाग के परियोजना अधिकारी तथा संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव और ग्राम सरपंच के समक्ष नष्ट किया जाए। इस दौरान विभाग के परियोजना अधिकारी वरेंद्र सिंह, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, ग्राम पंचायतों से सरपंच, ग्राम सचिव मौजूद रहे।

केएमपी पर केंटर से भिड़ी गाड़ी, महिला की मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

केएमपी एक्सप्रेस-वे एवं नेशनल हाइवे पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई। जबकि पलवल से अमेठी यूनिवर्सिटी जा रही छात्राओं की टैक्सी केएमपी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। जिससे टैक्सी में मौजूद छह छात्राएं व दो छात्रों सहित टैक्सी चालक घायल हो गए।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल व घायल छात्राओं को निजी चिकित्सकों के पास ले जाया गया। होडल थाना पुलिस ने मृतक महिला के बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। होडल थाना प्रभारी जसबीर के अनुसार, अहेरिया मोहल्ला होडल निवासी बॉबी ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने माता-पिता की अकेली संतान है और अपनी पत्नी के साथ दिल्ली लोनी बॉर्डर पर रहता है। जबकि उसकी मां होडल और पिता फिरोजाबाद में रहते हैं। पीड़ित कभी-कभी अपनी मां के पास आता-जाता रहता है। 30 जनवरी को सूचना मिली कि उसकी मां का एक्सीडेंट हो गया है। जिसके बाद पीड़ित जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा तो देखा की उसकी मां की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर उसके पिता भी अस्पताल पहुंच गए, जहां पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

वहीं, दूसरी दुर्घटना बुधवार को सुबह अधिक धुंध के कारण केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हुई। जिसमें पलवल से टैक्सी में मानेसर गुरुग्राम अमेठी यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए छात्राओं को लेकर जा रही टैक्सी केंटर से टकरा गई। सूचना मिलते ही मौके पर छात्राओं के परिजन व पुलिस पहुंच गई। गनीमत यह रही की दुर्घटना में छात्राओं को मामूली चोट ही आई थी। जिसके बाद दुर्घटना स्थल से छात्राओं को उनके परिजन वापस अपने घर ले गए। इस संबंध में अभी तक किसी भी तरफ से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है।

गुमशुदा लड़के की तलाश कर परिजनों के हवाले किया

फरीदाबाद। अपराध शाखा कैट प्रभारी उप निरीक्षक सरजीत सिंह की टीम ने नौ जनवरी को अपने घर से गायब हुए एक 23 वर्षीय लड़के को कुछ दिन में ही खोजकर उसके परिजनों के हवाले कर एक बेहतरीन कार्य किया है। बल्लभगढ की एक कॉलोनी का रहने वाला 23 वर्षीय लड़का दुर्गेश अपने परिजनों से किसी बात पर नाराज होकर अपने घर से कही चला गया था।

जिसको अपराध शाखा कैट की टीम द्वारा भरसक प्रयास करके व तकनीकी का सहारा लेकर 29 जनवरी को पलवल के पृथला से तलाश किया गया है। जांच में सामने आया है कि दुर्गेश सेक्टर-24 फरीदाबाद में एक डाई कास्टिंग कंपनी में काम करता था। वह घर वालों से किसी बात पर नाराज होकर कंपनी में ड्यूटी पर जाने की बात कह कर घर से चला गया था।

पलवल में तपेदिक रोगियों को बांटा गया पोषाहार

पलवल। भारत सरकार का वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का सपना साकार करने की दिशा में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल की चेयरपर्सन नेहा सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला रेडक्रॉस सचिव वाजिद अली के निर्देशन में और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ के दिशा-निर्देश अनुसार टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ततारपुर स्थित सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजी लिमिटेड कंपनी द्वारा सीएसआर फंड से रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल को टीबी के मरीजों को एक साल के लिए पोषाहार देने के लिए चार लाख 20 हजार रुपये प्रदान किए। जिसके अंतर्गत जिला के 50 पंजीकृत टीबी के मरीजों को लघु सचिवालय पलवल के सभागार में जिला विकास एवम पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने पोषाहार दिया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने बताया कि अच्छी सेहत तथा नियमित दवाइयों से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसलिए अच्छी डाइट लेनी चाहिए और खुद से प्यार करें, स्वयं को स्वस्थ रखें। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ततारपुर के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि उनकी कंपनी आगे भी सीएसआर के तहत इस प्रकार की समाज सेवा करती रहेगी।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लि., तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता सं. LBPNP00004952659, LBNOD00005332938, LBPNP00004952664 हेतु सरफेसी अधिनियम के तहत नोटिस, उधारकर्ता का नाम राजीव आहूजा/रेखा रानी/वर्षा रानी, संपत्ति मकान नं. 231 ईडब्ल्यूएस, क्षेत्रफल 51.25 वर्ग गज, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पानीपत, एम.सी.अबादी के लिमिट के भीतर, जिसे अब वीवर्स कॉलोनी कहते है, तहसील और जिला पानीपत हरियाणा में स्थित और 13.2 प्रेषण तिथि 09 मई 2023, धारा 13(2) दिनांक 03 मई, 2023 के तहत मांग नोटिस और 13(4) दिनांक 06 नवंबर, 2023 के तहत सांकेतिक नोटिस के रूप में प्रकाशित किए गए थे। और इसे क्रमशः पायनियर + उत्तम हिंदू 13(2) नोटिस दिनांक 12 जुलाई, 2023 का प्रकाशित और 13(4) नोटिस दिनांक 09 नवंबर, 2023 को भी प्रकाशित किया गया था। हम यह उल्लेख करना चाहते हैं कि अनजाने में उक्त नोटिस और पते में एक टंकण त्रुटि हुई है, जिसका उल्लेख किया गया है, मकान नं. 842 का हिस्सा, वार्ड नं. 7, एमसी लिमिट के भीतर, पानीपत हरियाणा, क्षेत्रफल 31 वर्ग गज और 13.2 प्रकाशन में प्रेषण तिथि 03 मई 2023 अंकित है। हम इसलिए, आपसे अनुरोध है कि कृपया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पानीपत, मकान नं. 231 ईडब्ल्यूएस, क्षेत्रफल 51.25 वर्ग गज, एम-सी-आबादी की लिमिट के भीतर, जिसे अब वीवर्स कॉलोनी कहते है, तहसील और जिला पानीपत हरियाणा में स्थित पढ़ा जाए और 13.2 प्रेषण की तिथि 09 मई 2023 है।

दिनांक : फरवरी 01, 2024
स्थानः दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड

मौलिन कमर्शियल लिमिटेड
सीआईएनः L74899DL1982PLC067811
पंजी. कार्यालयः 1, आनंद ग्राम, आया नगर महरौली, गुड़गांव रोड, नई दिल्ली-110047
कम्पनी वेबसाईटः www.moulin.co.in

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्ति तिमाही 31-12-2023 (अलेखा-परीक्षित)	समाप्ति नौ माह 31-12-2023 (अलेखा-परीक्षित)	समाप्ति तिमाही 31-12-2022 (अलेखा-परीक्षित)
1	संचालन से कुल आय(निवल)	29.59	86.30	21.88
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या आसाधारण मदें)	12.50	27.84	6.29
3	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्)	12.50	27.84	6.29
4	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्)	9.13	20.34	4.72
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [इस अवधि हेतु लाभ/(हानि) शामिल (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	10.37	20.34	4.74
6	इक्विटी शेयर पूंजी	57.30	57.30	57.30
7	प्रति शेयर आय (रु-10/- प्रत्येक) मूलभूतः	1.81	3.55	0.83
	तरलीकृतः	1.81	3.55	0.83

टिप्पणीः-
क) उपर्युक्त सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के 31.12.2023 में समाप्त तिमाही के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों 31.12.2023 समाप्त तिमाही का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट और सूचीबद्ध इकाई, अर्थात www.moulin.co.in पर उपलब्ध है।
ख) 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षा की गई और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 30 जनवरी, 2024 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया।

निदेशक मंडल और उसकी ओर से
हस्ता/-
आशीष गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00115[illegible]
दिनांकः 01.02.2024
[illegible]नः कोलकाता

PUBLIC NOTICE
My Client Sh. Manish Juneja S/o Sh. Prithvi Raj Juneja, R/o A – 1/73A, Maa Shakti Apartment, Near Maa Kali Mata Mandir, Paschim Vihar, West Delhi – 110063 do hereby declare that the companies namely (i) Juneja & Bhel Trading (OPC) Pvt. Ltd., (ii) ZIRPHIMATIC traders Pvt. Ltd., (iii) Shum – Star Globewell Business Solutions Pvt. Ltd., are not belongs to my client as some people on the pretext of job take his sign on some unknown papers and make him director of the companies. He is not responsible for the acts of the said companies.
Piyush Sharma (Advocate)
(D/1395/2021)
Chamber No.-F-611,
Karkardooma Courts, Delhi-32

PUBLIC NOTICE
To be known to all, **SH. GULSHAN GANDHI** S/o LATE SH. B.S. GANDHI & **SMT. MEENU GANDHI** W/O SH. GULSHAN GANDHI both R/o BG-7/136, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI-110063 allottee/co-allottee of PROPERTY NO. 157, BLOCK-C, POCKET-3, SECTOR-36, ROHINI, DELHI, have applied for certified copies & conversion fro[illegible] leasehold to freehold in DDA. The original document[illegible] Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter, [illegible] Possession Slip & other Relevant Documents of the above said property have been lost. An F.I.R./NCR/LR No.**1392475/2024** dated **30/01/2024** to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi.
Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/**Phone No.** 9650544898 within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Rohini, Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi- 110023.
Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mudit Bhardwaj S/o Shri Satish Kumar Sharma R/o B-63, Manas Apartment, Mayur Vihar, Phase-1 Extension, Delhi-110091, have changed my name Mudit Bhardwaj to Muddit Bhardwaj for all future purposes

PD(254)C

एसएसबी अस्पताल में अत्याधुनिक हाइब्रिड प्रक्रिया ने बचाई व्यक्ति की जान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ने चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। गाजियाबाद के एक मरीज की जान बचाने के लिए एसएसबी अस्पताल ने पहली बार हाइब्रिड प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। महाधमनी विच्छेदन के टाइप ए के इलाज में पारंपरिक सर्जरी और एंडोवास्कुलर स्टेंटिंग को मिलाकर की गई यह प्रक्रिया बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण मानी जाती है।

मरीज दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में दाखिल था, जहां संतुष्टि न होने के कारण जब वह एसएसबी अस्पताल पहुंचे तो उन्हें सीने में दर्द, खतरनाक रूप से बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर और अचानक किडनी फेलियर की समस्या थी। जांच में पता चला कि उन्हें टाइप ए महाधमनी विच्छेदन हुआ था, जो जानलेवा स्थिति है। इस स्थिति का इलाज बेहद जटिल है, क्योंकि न तो पूरी महाधमनी की सर्जरी संभव है, न ही पूरे महाधमनी में एंडोवास्कुलर स्टेंट ग्राफ्ट किया जा सकता है, क्योंकि इससे मस्तिष्क और दोनों हाथों की धमनियों में रक्त का प्रवाह रुक सकता है। इस जटिल परिस्थिति को देखते हुए अस्पताल के दो सीनियर डॉक्टरों - हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीप सिंह सिधू मुख्य हृदय शल्य चिकित्सक और डॉ. एसएस बंसल एसएसबी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने मिलकर एक अनूठा समाधान निकाला- हाइब्रिड प्रक्रिया। इस प्रक्रिया में दो चरण शामिल थे। पहले चरण में डॉ. सिधू ने महाधमनी विच्छेदन से पहले शुरुआती महाधमनी को मस्तिष्क और हाथों की धमनियों को बाईपास ग्राफ्ट से जोड़ा। इसके बाद दूसरे चरण में डॉ. बंसल ने महाधमनी में एंडोवास्कुलर स्टेंट लगाकर विच्छेदन को बंद कर दिया। यह बेहद जटिल प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जो चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मरीज ने दोनों प्रक्रियाओं के बाद उल्लेखनीय सुधार दिखाया, जो इस बात का प्रमाण है कि हाइब्रिड प्रक्रिया जटिल महाधमनी विच्छेदन के इलाज में कितनी प्रभावी है। यह सफलता न केवल अस्पताल की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, बल्कि इसे गंभीर मामलों में अत्याधुनिक चिकित्सा इंटरवेंशन के लिए एक केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है। चिकित्सा जगत इस उपलब्धि को जटिल हृदय रोगों के इलाज की उम्मीद के रूप में देखता है और यह दिखाता है कि गंभीर से गंभीर समस्या के इलाज को संभव बनाया जा सकता है।

युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने की धमकी

पलवल। घर से ड्यूटी जाते समय रास्ते में रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर दो नामजद सहित सात के खिलाफ रास्ता रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जवाहर नगर कैंप निवासी आशीष उर्फ आशू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह सुबह पौने आठ बजे के करीब अपने काम के लिए घर से कार्यालय दिल्ली जा रहा था। लेकिन जब वह बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन के लिए जा रहा था तो खोटा मंदिर के निकट पहुंचा।

उसी दौरान रास्ते में गौरव व कुनाल अपने चार-पांच साथियों के साथ वहां पहुंच गए और उसका रास्ता रोक लिया। पीड़ित ने जब उनसे रास्ता रोकने के बारे में पूछा तो उन्होंने हाथों में लिए लोहे की रॉड, हथौड़ा, कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया।